वन आरक्षी परीक्षा–2022 एवं वन क्षेत्राधिकारी परीक्षा–2021 की चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत शारीरिक अर्हता परीक्षण/शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु पुरूष अभ्यर्थियों की निर्धारित 25 कि0मी0 एवं महिला अभ्यर्थियों की निर्धारित 14 कि0मी0/16 कि0मी0 की दौड़ हेतु आवश्यक निर्देशः–

01. विगत दिनों में आयोजित समान प्रकृति की परीक्षा में उच्च तापमान एवं आर्द्रता होने के कारण सामने आई अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं पर सम्यक् विचार करते हुए वर्तमान में गर्म मौसम एवं आर्द्रता के दृष्टिगत उक्त परीक्षाएं माह अक्टूबर, 2023 में प्रस्तावित की गई है।

02. वन आरक्षी परीक्षा–2022 में पुरूष अभ्यर्थियों हेतु निर्धारित 04 घण्टे में 25 कि0मी0 दौड़ एवं महिला अभ्यर्थियों हेतु 04 घण्टें में 14 कि0मी0 दौड़ पूरी करनी अनिवार्य है, जबकि वन क्षेत्राधिकारी परीक्षा–2021 में पुरूष अभ्यर्थियों हेतु निर्धारित 04 घण्टे में 25 कि0मी0 दौड़ एवं महिला अभ्यर्थियों हेतु 04 घण्टें में 16 कि0मी0 दौड़ पूरी करनी अनिवार्य है, इसलिए अभ्यर्थियों को यह परामर्श दिया जाता है कि अभ्यर्थी प्रश्नगत परीक्षाओं से पूर्व सम्यक् रूप से अभ्यास कर लें।

03. अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि अभ्यर्थी प्रश्नगत परीक्षा में सम्मिलित होने से पूर्व चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण करा लें कि अभ्यर्थी को किसी प्रकार का चिकित्सा आपात (Medical Emergency) नहीं है। अभ्यर्थी यह जांच लें कि वें दौड़ के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं, किसी भी बीमारी या अन्य कारण से कोई चिकित्सकीय कठिनाई या स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर आयोग जिम्मेदार नहीं होगा, किन्तु ऐसे अभ्यर्थियों को समुचित सहयोग दिया जाएगा। अभ्यर्थियों द्वारा उक्त परीक्षा के समय संलग्न प्रारूप पर इस आशय का स्वघोषणा प्रपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगाः–

घोषणा पत्र

मैं...प्रमाणित करता/करती हूं कि मेरे पुत्र/पुत्री/पत्नी...को वन आरक्षी परीक्षा–2022 की शारीरिक अर्हता परीक्षण/शारीरिक दक्षता में 25 कि0मी0/14 कि0मी0 अथवा वन क्षेत्राधिकारी परीक्षा–2021 की शारीरिक अर्हता परीक्षण/शारीरिक दक्षता में 25 कि0मी0/16 कि0मी0 की दौड़ हेतु प्रतिभाग करने हेतु स्वीकृति प्रदान करता/करती हूं।

परीक्षार्थी के अभिभावक (माता/पिता/पति)
का नाम एवं हस्ताक्षर–.................................

मैं...पुत्र/पुत्री/पत्नी........................घोषणा करता/करती हूं कि मैं आज दिनांक...को वन आरक्षी परीक्षा–2022/वन क्षेत्राधिकारी परीक्षा–2021 की शारीरिक अर्हता परीक्षण/शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए परीक्षण स्थल में उपस्थित हुआ/हुई हूं। इस शारीरिक अर्हता परीक्षण/शारीरिक दक्षता परीक्षा में 25 कि0मी0/14 कि0मी0/16 कि0मी0 की दौड़ हेतु प्रतिभाग करने के लिए मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं। परीक्षण के दौरान यदि कोई स्वास्थ्य संबंधी कठिनाई आती है, तो इसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार हूं।

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर–..
परीक्षार्थी का नाम–..
परीक्षार्थी का अनुक्रमांक–..

04. अभ्यर्थी शारीरिक अर्हता परीक्षण/शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु अपने अभिभावक (माता/पिता/पति) से भरवाकर घोषणा पत्र भी साथ लायें कि वें इस परीक्षण के लिए अपने आप को स्वस्थ समझते हैं व परीक्षण के दौरान यदि स्वास्थ्य संबंधी कोई कठिनाई आयेगी तो इसकी जिम्मेदारी अभ्यर्थी के अभिभावक एवं अभ्यर्थी के स्वयं की होगी।

05. शारीरिक अर्हता परीक्षण/शारीरिक दक्षता परीक्षा के अन्तर्गत पुरूष अभ्यर्थियों हेतु ऊँचाई व सीने की माप के साथ 25 किलोमीटर की दौड़ (अधिकतम 04 घण्टों में) तथा महिला अभ्यर्थियों हेतु ऊँचाई व 14 किलोमीटर/16 किलोमीटर (अधिकतम 04 घण्टों में) की दौड़ पूरी करना प्रश्नगत पद की अनिवार्य अर्हता है। चूँकि दौड़ व शारीरिक नाप–जोख में काफी समय लग सकता है। अभ्यर्थी दौड़ से पूर्व जलयोजन (Hydration) के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी आदि पी लें और दौड़ के दौरान उपयोग हेतु रख लें। उक्त हेतु अभ्यर्थी अपने लिए पानी, भोजन (बिस्कुट, नमकीन, चॉकलेट एवं ग्लूकोज इत्यादि) साथ लाना सुनिश्चित करें।

-Sd-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।